दिनांकः 07.12.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लोकसभा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरुआत करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से विकसित राजस्थान के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।
- मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व से बूंदी के रामगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन लाई जायेगी–लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा इससे पर्यटन को बढावा मिलेगा।

और

- सरकार ने विमानन कम्पनी इण्डिगो को, रदद् या बाधित उड़ानों के पैडिंग रिफण्ड तुरंत जारी करने को कहा–रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त रेलगाड़ियां चला रहा है।

**000**

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कल लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 8 दिसंबर को वंदे मातरम पर चर्चा और 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

-------------------

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कहा कि देश उन वीर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता है जो अटूट साहस के साथ देश की रक्षा करते हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि सैनिकों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस लोगों की रक्षा करता है और राष्ट्र को मजबूत बनाता है। उन्होंने देशवासियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को बधाई दी। श्री चौहान ने भारत की रक्षा तैयारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी दृढ़ सेवा, अदम्य साहस और निरंतर योगदान की सराहना की।

इधर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस मौके पर सभी प्रदेशवासियों से सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए अंशदान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर आज सैनिक कल्याण मंत्री

कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल की जैकेट पर प्रतीकात्मक रूप में बैज लगाया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर में सैनिकों के सम्मान में रखी गई मैराथन को रवाना किया। इस मैराथन में भारतीय सेना में कार्यरत धर्मेंद्र पूनिया ने पहला स्थान प्राप्त किया। धर्मेंद्र वर्तमान में पुणे में आर्मी इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भी सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर वीर जवानों को याद किया गया। भरतपुर में इस अवसर पर रैली निकाली गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से आज लोक भवन में **'भारत दर्शन अभियान'** के तहत कश्मीर से आये विद्यार्थियों के दल ने मुलाकात की। राज्यपाल ने इस दौरान भारत भ्रमण से जुड़े इन विद्यार्थियों के अनुभव सुने। उन्होंने कहा कि भारत दर्शन **'एक भारत श्रेष्ठ भारत'** की संकल्पना से साक्षात होना है।

000

पहला प्रवासी राजस्थानी दिवस 10 दिसम्बर को मनाया जायेगा। जयपुर में इस दिन होने वाले समारोह के लिए की जा रही व्यापक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रदेश में निवेश को बढावा देने और प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से ये आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं है। ये भव्य आयोजन प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करेगा। इसके साथ ही विकसित राजस्थान के निर्माण में उन्हें सक्रिय भागीदारी का अवसर भी प्रदान करेगा।

-----------------

000

प्रदेश में इंटरस्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन की प्रक्रिया जारी है। इसके पहले चरण में मध्यप्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व से बूंदी के रामगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन लाई जायेगी। फिलहाल इस बाघिन के लिए रामगढ़ टाइगर रिजर्व में एन्क्लोजर तैयार कर दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष और कोटा–बूंदी क्षेत्र के सांसद ओम बिरला ने बाघों को लाए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे पर्यटन को बढावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार में बढोतरी होगी।

------------------

000

बारां जिले के अंता विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की कल से शुरुआत हुई। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बामला में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में युवाओं को मतदान का महत्व समझाया गया और अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। स्वीप कार्यक्रम के सह–प्रभारी अमित भार्गव ने बताया कि 11 दिसंबर से 6 जनवरी तक बीएलओ तीन बार घर–घर जाकर एसआईआर गणना प्रपत्र भरवाएंगे। मतदाताओं को 2002 की मतदाता सूची के आधार पर

जानकारी तैयार रखने, रंगीन फोटो उपलब्ध कराने के साथ—साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में चुनाव से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

000

सरकार ने विमानन कंपनी इंडिगो को रद्द या बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ऐसी सभी उड़ानों के लिए रिफंड प्रकिया आज रात 8 बजे तक पूरी हो जानी चाहिये। पिछले कुछ दिनों से इंडिगो की उड़ानें बड़ी संख्या में रद्द किए जाने के बाद यह निर्देश जारी किया गया है। उड़ाने रद्द होने से देश भर के यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।

000

रेलवे ने कल से अगले दो दिनों के लिए कई ज़ोन में 89 विशेष रेलगाड़ियां चलाई हैं। सर्दियों के मौसम में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए इन विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की गई है। मध्य रेलवे में, पुणे से बेंगलुरु, पुणे से दिल्ली और मुंबई से दिल्ली सहित विभिन्न मार्गों पर 14 विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की गई है। वहीं उत्तर—पश्चिम रेलवे ने भी यात्रियों की सुविधाओं के लिए स्पेशल रेल सेवाओं की शुरूआत की है। अतिरिक्त यात्री भार को देखते जोधपुर—हावड़ा रेल सेवा और अजमेर—बैंगलूरू सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

000

सवाईमाधोपुर —करौली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को राहत देने और पॉली पैक दूध की बिक्री बढ़ाने के लिए नई योजना शुरू की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस योजना के तहत संघ, शादी—समारोह के लिए एडवांस बुकिंग करवाने वाले उपभोक्ताओं को किफायती दर पर दूध उपलब्ध कराएगा।

--------------------

0000

प्रदेश में रात के पारे में मामूली बढोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बीती रात भी सीकर का फतेहपुर साढे तीन डिग्री सैल्यियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे सर्द रहा। बीकानेर के लूणकरणसर, चूरू, दौसा, करौली, सीकर और अलवर में रात का पारा 5 से 7 डिग्री सैल्सियस के बीच रिकॉर्ड हुआ। आज कई स्थानों पर बादल छाये रहे और सुबह देर तक कोहरे का असर रहा। बढ़ती सर्दी को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरों की व्यवस्था की जा रही है। वहीं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए भी कई जतन किये जा रहे है। इसके साथ ही लोगों के खान—पान में भी बदलाव हुआ है।

000

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नए नवीकरणीय ऊर्जा वित्त पोषण को रोकने या बंद करने के लिए कोई सलाह जारी नहीं की गई है। मंत्रालय ने अत्यधिक क्षमता की

चिंताओं के बीच ऋण प्रतिबंधों की खबरों का खंडन किया है। मंत्रालय के अनुसार उसने वित्तीय संस्थानों से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं या उपकरण निर्माण सुविधाओं को ऋण देना बंद करने के लिए नहीं कहा है। मंत्रालय ने पीएलआई योजना सहित लगातार नीतिगत समर्थन के माध्यम से वैश्विक सौर मूल्य श्रृंखला में भारत की स्थिति मजबूत करने और देश को सौर विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। मंत्रालय 2030 तक 500 गीगावाट गैर–जीवाश्म ईंधन लक्ष्य को पूरा करने के लिए सौर पारिस्थितिकी तंत्र के समावेशी, प्रतिस्पर्धी और सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

000